दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 275 ■ भीलवाड़ा ■ मंगलवार 17 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

खेत जोतने गए परिवार पर लाठी-तलवार से जानलेवा हमला, पिस्टल दिखाकर धमकाया, सोने के गहने लूटे

तिरोली गांव में रात के अंधेरे में खूनी संघर्ष

बचाव में आई मां-बेटी व रिश्तेदार को भी पीटा

भीलवाड़ा। मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र के तिरोली गांव में खातेदारी कृषि भूमि की जुताई करने पहुंचे एक किसान परिवार पर कुछ लोगों ने एकराय होकर जानलेवा हमला कर दिया। रात के अंधेरे में हुई इस वारदात में आरोपियों ने न केवल ट्रैक्टर चालक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां, बहन और एक अन्य रिश्तेदार को भी लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष ने हमलावरों पर पिस्टल और तलवार जैसे घातक हथियारों से डराने तथा महिलाओं व बुजुर्ग के सोने के आभूषण लूट ले जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है, वहीं पीड़िता की रिपोर्ट पर मांडलगढ़ थाना पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में तिरोली निवासी गीता देवी पt्नी गोपाल गुर्जर ने बताया कि गांव की सरहद में उनकी खातेदारी की कृषि भूमि स्थित है, जिस पर उनका परिवार लंबे समय से काश्तकारी और खेती करता आ रहा है। रबी की फसल की बुवाई की तैयारी के तहत रात करीब आठ बजे उनका पुत्र हेमराज ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गया था। आरोप है कि जैसे ही हेमराज ने खेत में ट्रैक्टर उतारा, वहां पहले से मौजूद सुरजा, शिवलाल, रघुनाथ, रामेश्वर और नारायण ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हेमराज को तुरंत खेत से बाहर निकलने की धमकी दी। जब हेमराज ने अपनी खातेदारी जमीन होने का हवाला देकर इसका विरोध किया, तो आरोपी उग्र हो गए और लाठियों व लात-घूंसों से उस पर टूट पड़े।

मां-बेटी से मारपीट, कान से खींचें टॉप्स



खेत से हेमराज की चीख-पुकार और शोर सुनकर पास ही मौजूद उसकी मां गीता देवी और बहन माया दौड़कर मौके पर पहुंचीं। उन्होंने हमलावरों के चंगुल से हेमराज को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी लाठियों से हमला बोल दिया। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उनकी पुत्री माया के साथ अभद्रता करते हुए उसके कानों में पहने सोने के टॉप्स झपट्टा मारकर नोच लिए, जिससे उसके कानों में चोट आई है।

रिश्तेदार पर तलवार से वार, मांदलिया छीना

विवाद बढ़ता देख परिवार के ही रामचंद्र गुर्जर भी बीच-बचाव करने मौके पर पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और लाठियों व तलवार से उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। तलवार और लाठियों की चोट से रामचंद्र के सिर व कमर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि हमले के दौरान आरोपियों ने रामचंद्र के गले में पहना सोने का मांदलिया भी छीन लिया। देर रात खेत पर मचा शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए और किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित परिवार को हमलावरों से छुड़ाया।



हथियारों का खौफ दिखाकर दी धमकी

पीड़िता गीता देवी ने अपनी शिकायत में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वारदात के समय आरोपी शिवलाल के हाथ में पिस्टल और रामेश्वरलाल के पास नंगी तलवार थी। हथियारों के दम पर आरोपियों ने परिवार को दोबारा खेत पर कदम रखने पर जान से मारने की धमकी दी है। घटना से दहशत में आए परिवार ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को गीता देवी ने थाने पहुंचकर घटना की लिखित रिपोर्ट दी। पुलिस ने घायल हेमराज का प्रारंभिक मेडिकल मुआयना करवाया है तथा पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट, लूट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।





बिजौलिया में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, युवक की दर्दनाक मौत, नहीं हो पाई पहचान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



चित्तौड़गढ़-कोटा नेशनल हाईवे-27 पर स्थित सलावटिया ओवरब्रिज के पास मंगलवार तड़के तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक बेकाबू स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे कार सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और मृतक की पहचान अभी तक एक पहेली बनी हुई है। बिजौलिया थाने के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार के अनुसार, मंगलवार तड़के करीब 4 बजे नेशनल हाईवे-27 पर सलावटिया ओवरब्रिज के नीचे एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद घायल युवक को कार से बाहर निकालकर बिजौलिया अस्पताल पहुंचाया, जहां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे युवक को डॉक्टर बचा नहीं सके और उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र करीब 42 से 43 वर्ष बताई जा रही है और दुर्घटनाग्रस्त स्विफ्ट कार अलवर परिवहन विभाग में पंजीकृत है। पुलिस को मृतक के पास से एक मोबाइल फोन भी मिला है, लेकिन मोबाइल लॉक होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मोबाइल का लॉक खुलवाने और कार के पंजीकरण नंबर के आधार पर मृतक के परिजनों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, तथा शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। इस हादसे ने एक बार फिर चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, जहाँ लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर इस बात की गवाही देता है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी किस तरह मासूम जिंदगियों को निगल रही है। पुलिस अब मोबाइल और वाहन के कागजातों के जरिए मृतक की पहचान करने और उसके परिजनों को सूचना देने में जुटी है, ताकि इस अंधेरे में डूबे हादसे की असल सच्चाई सामने आ सके।







न्यूज इन बाक्स

शास्त्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान



भीलवाड़ा। शास्त्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा रामेश्वरम भवन में माहेश्वरी परिवारों का दीपावली स्नेह मिलन व प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया।। राष्ट्रीय महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सोनी, लादूराम बांगड़,राजकुमार काल्या राधेश्याम चेचाणी, केजी तोषनीवाल, उप महापौर राधेश्याम सोमानी, रमेश राठी, जगदीश कोगटा, सुशील मरोठिया,, केदार जागेटिया, सुरेश बिरला ने भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की। शास्त्री नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष भैरू लाल सोमानी ने बताया कि 1400 सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभावान कार्यक्रम संयोजक डॉ भागचंद सोमानी ने बताया कि शास्त्री नगर क्षेत्र की 23 प्रतिभाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। चार माहेश्वरी पार्षदों उपमहापौर राधेश्याम सोमानी,ममता बाहेती, आभा लढ़ा, बिलेश्वर डाड का भी अभिनंदन किया गया। सिंगोली श्याम धर्मशाला समिति के अध्यक्ष संदीप पोरवाल, मंत्री ओमप्रकाश लढा, उपाध्यक्ष भैरूलाल सोमानी का भी स्वागत किया गया। क्षेत्रीय सभा के मंत्री मुकेश जागेटिया ने बताया कि माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक आगाल, मंत्री तरूण सोमानी का भी उपरना ओढा कर स्वागत किया गया।

सीएस आजाद नगर माहेश्वरी सेवा समिति का दीपावली स्नेह मिलन



भीलवाड़ा। चन्द्रशेखर आजाद नगर माहेश्वरी सेवा समिति का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष कमलेश काबरा के नेतृत्व में हुए आयोजन में समारोह में मनोरंजन, भक्ति और मेल-मिलाप का अनूठा संगम देखने को मिला। शुरुआत महिला एवं पुरुषों के लिए तंबोला प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद महाआरती की गई। समारोह में राष्ट्रीय महासभा के पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी, कैलाशचंद्र कोठारी, एसएन मोदानी, ममता मोदानी, सीमा कोगटा, सत्येन्द्र बिरला, अशोक बाहेती, केदार गगरानी, रमेश राठी, सुशील मरोटिया, भारती बाहेती, केदार जागेटिया, वीणा मोदी आदि मौजूद रहे। प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील, गंगापुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति लखन काकानी, भीलवाड़ा उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, पार्षद ममता बाहेती, आभा लढा एवं बिलेश्वर डाड का भी सानिध्य रहा।

राजस्थान पेंशनर्स समाज का जीवन प्रमाण पत्र शिविर कल, हुई बैठक



भीलवाड़ा। राजस्थान पेंशनर्स समाज, जिला शाखा-भीलवाड़ा की ओर से जिला कोष कार्यालय में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त पेंशनर्स के लिए जीवन (जीवित) प्रमाण पत्र बनाने एवं प्रेषित करने के लिए 19 नवंबर को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान पेंशनर्स समाज, भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार जैन (सेवानिवृत्त आईएएस) ने पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में जानकारी दी कि संगठन के विशेष अनुरोध पर जिला कोषाधिकारी द्वारा यह शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। महासचिव भूपेंद्र दत्ता ने बताया कि यह शिविर सुबह11 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कोई भी राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त पेंशनर पहुंचकर इसका लाभ उठा सकता है। शिविर में व्यवस्था एवं सहयोग के लिए पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी सुरेश कोठारी, एसएन राठी, एसडी व्यास, रमेश भट्ट और डॉ. फरियाद मोहम्मद उपस्थित रहेंगे।

रुक्मणी ने किया भगवान कृष्ण का वरण, गूंजे द्वारिकाधीश के जयकारे



भीलवाड़ा। शादी का मंच सजा हुआ था और बाराती कोई साधारण नहीं बल्कि देवी-देवता थे। बारात किसी और की नहीं स्वयं द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण की थी। बारात में आज मेरे श्याम की शादी है, आज मेरे भगवान की शादी है जैसे गीत गूंज रहे थे और बाराती जमकर नाच-गान कर रहे थे। ये नजारा छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम पर महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजन के छठे दिन व्यासपीठ से वृन्दावन के प्रख्यात कथावाचक गौरक्षक आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा रूक्मणी विवाह प्रसंग के वाचन के दौरान दिखा। छठे दिन उदव चरित्र, रूक्मणी मंगल, रास पंचाध्यायी प्रसंग का वाचन किया गया। इस दौरान कृष्ण-रूक्मणी विवाह की झांकी सजाई गई। प्रतीकात्मक रूप से मंच पर विवाह प्रसंग का नजारा पेश किया। विवाह प्रसंग का वाचन प्रारंभ होते ही पांडाल में मौजूद सैकड़ो भक्त हर्षित होकर द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजायमान करने लगे। हर तरफ खुशियां छा गई और हर भक्त भगवान कृष्ण की शादी के मंचन का साक्षी बन उल्लासित नजर आया और नाच-गाने के माध्यम से अपनी खुशियां जताने को आतुर दिखा। आचार्य शास्त्री ने रूक्मणी विवाह प्रसंग का वाचन करते हुए कहा कि रूक्मणी ने देवर्षि नारद से जब श्रीकृष्ण की कथा सुनी थी तभी मन ही मन कृष्ण को अपने पति रूप में चुन लिया था। उनके संदेश पर ही भगवान श्रीकृष्ण मां भगवती के मंदिर में उसे लेने पहुंचे और हर तरह के प्रतिरोध को समाप्त कर रूक्मणी संग द्वारिका पहुंचे तो वहां हर्ष का माहौल बन गया।

दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

भीलवाड़ा। जिले के मांडलढ़ शहर के मुख्य बाजार में उस वक्त हड़कंप और अफरा-तफरी मच गई, जब एक नव-निर्मित चार मंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की दुकान में अचानक भयंकर आग भड़क उठी। आग से दुकान में रखे जूते-चप्पलों सहित पूरा फुटवियर स्टॉक जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुकान में आग लगने का मुख्य कारण विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका की मिनी दमकल गाड़ी और मांडलढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, आग की भीषणता को देखते हुए जिला मुख्यालय से बड़े दमकल वाहनों को भी बुलाना पड़ा। दमकल कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया। व्यापारिक सुरक्षा और प्रशासनिक गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा मुख्य बाजार की घनी आबादी वाले क्षेत्र में यह आग आसपास की अन्य दुकानों और परिसरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी।

शोभायात्रा के साथ 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महा महोत्सव शुरू

रुक्मिणी मंगल कथा शुरू, पहली बार गढ़बोर से 20 को बारात लेकर आएंगे चारभुजानाथ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

श्रद्धा भक्ति एवं आस्था का नया इतिहास रचने को आजाद नगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड तैयार है, जब पहली बार राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ श्री तुलसीजी से विवाह करने के लिए बारात लेकर भीलवाड़ा आएंगे।

पहली बार 16108 श्री तुलसी शालिग्राम जी विवाह महा महोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज आज सुबह गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा से हो गया। सुबह रामधाम से निकली शोभायात्रा में भक्त नाचते-गाते चल रहे थे। ठाकुर जी के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में रूक्मिणी मंगल कथा वाचन आयोजन के सूत्रधार गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज भी चल रहे थे। कथा के मुख्य पौथी यजमान बालूलाल पोरवाल बड़लियास वाले, आयोजन समिति संयोजक डॉ.एसएन गग्गड़, मुख्य आचार्य



योगेन्द्र शर्मा सहित अन्य भक्त भी शामिल रहे। विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा आजाद नगर मेडिसिटी कथास्थल पहुंचकर संपन्न हुई।

यहां आज दोपहर से पूज्य विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज ने कथा वाचन शुरू कर दिया है। 19 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर एक से 4 बजे तक होने वाली कथा रूक्मणीजी की द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, भक्ति, समपर्ण, विश्वास और विवाह प्रसंग की है। सकल सनातन परिवार की प्रेरणा से हो रहे इस आयोजन का संयोजन श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा संघ द्वारा किया जा रहा है।

19 को गढ़बोर से आएगी बारात

श्री गढ़बोर चारभुजानाथ के नाम मंगल लग्न पत्रिका परम पूज्य नारायणदासजी एवं उनके सानिध्य में समस्त पुजारी परिवार ने स्वीकार की। वे 19 नवम्बर को ठाकुर जी बारात लेकर भीलवाड़ा पहुंचेंगे। बारात का शाम 5 बजे रीको चौराहा स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर में भव्य स्वागत किया जाएगा। 20 नवम्बर को श्री गढ़बोर चारभुजानाथ तुलसीजी के संग विवाह रचाएंगे।

आज महारास और संगीत संध्या

महोत्सव समिति के संयोजक एसएन गग्गड़ ने बताया कि मंगलवार रात 8 बजे से महारास एवं संगीत संध्या होगी। महारास में विशेष आकर्षण कोटा से आमंत्रित राधा कृष्ण समूह, राजस्थानी वेशभूषा में सामूहिक घूमर, राजपूती ड्रेस में घूमर एवं रास होगा। भजन एवं गीतों की प्रस्तुति भी होगी।

कल भक्ति सुधामृतम

18 नवम्बर को सुबह 10 बजे कथा पांडाल में हल्दी व मेहंदी मनोरथ होगा। इसी रात 8 बजे भक्ति सुधामृतम का आयोजन होगा। 19 नवम्बर को सुबह 10 बजे से भात मनोरथ, रात 8 बजे से संगीत मधुरम का आयोजन होगा। पाणिग्रहण संस्कार की रस्में 20 नवम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा संघ के अध्यक्ष रमेशचन्द्र त्रिपाठी, महोत्सव सेवा समिति के सह संयोजक दिनेश विजयवर्गीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छगनलाल जैन,उपाध्यक्ष हनुमान अग्रवाल, समिति के कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य सहित कई पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं।

मैया ब्याव मेरो करवाइदे, लाईदे लाईदे लाईदे दुल्हनिया जमना पार की

गौवत्स दिव्यांशु दाधीच ने बहाई ब्रज रस धार, खूब नाचे भक्त

भीलवाड़ा। 'मैय्या ब्याव मेरो करवाइदे, लाईदे लाईदे लाईदे दुल्हनिया जमना पार की', जैसे-जैसे ब्रज भाव भरे भजनों की ऐसी रसधार बही कि भक्त भक्ति रस में बह कर नृत्य करने लगे। यह दृश्य था श्री 16108 तुलसी शालिग्राम जी विवाह महासम्मेलन के तहत मेडिसिटी में आयोजित 'ब्रज रस धार ' कार्यक्रम का। गौवत्स दिव्यांशु दाधीच ने अपने भजनों के माध्यम से भक्तों से ब्रज से लेकर जगन्नाथ, मेवाड़ और द्वारकाधीश की यात्रा करवा दी। उन्होंने 'मीठे रस से भरयोडी राधा रानी लागे म्हाने कारो कारो जमना जी रो पानी लागे', 'जगन्नाथ जगन्नाथ जगन्नाथ चका नैन चका नैन चका नैन तू न संभाले तो हमें कौन संभाले, ' 'म्हारा मेवाड़ रा महाराजा ने खम्मा रे खम्मा' भजनों से आयोजन स्थल को ब्रज बना दिया। समारोह में गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज, बाबाधाम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल का सान्निध्य मिला। श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष गजानंद बजाज, तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव सेवा समिति संयोजक डॉ.सत्यनारायण गग्गड़, मुख्य आचार्य पं.योगेंद्र शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



स्वामी भगत प्रकाश महाराज का सत्संग समागम 28 को



भीलवाड़ा। प्रेमप्रकाश मंडलाध्यक्ष सदुरू स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज 28 नवम्बर को संत मंडली के साथ भीलवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली के परमानन्द गुरनानी ने बताया कि प्रेम प्रकाश आश्रम पर सदुरू टेऊँराम चौथ (मासिक अवतरण दिवस) के उपलक्ष में सत्संग भजन कीर्तन रखा गया व दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। सत्संग के पश्चात् सदुरू स्वामी भगत प्रकाश महाराज के भीलवाड़ा आगमन के उपलक्ष में एक आवश्यक बैठक रखी गयी। गुरू महाराज जी व संत मण्डली का सत्संग प्रेम प्रकाश आश्रम पर 28 नवम्बर का सांय 4 बजे से 7 बजे तक रखा गया। बैठक में सतपाल गांधी, निर्मल आहूजा, किशोर गुरनानी, राजकुमार गुरनानी, मोहन लुधानी, हरीकिशन टहलानी, मोहन दास तुलस्यानी, राजेन्द्र हेमनानी, सोनू मोरवानी, रवि धनकानी, सुरेश दादवानी, ताराचंद थुरवानी, नारायण दास रामनानी, गिरीश गांधी, गंगाराम नानकानी, गोपाल नानकानी, नवीन सभनानी सहित प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली व प्रेम प्रकाश महिला मण्डली के सभी सदस्य उपस्थित थे।

नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में गोपाष्टमी पर भगवान का हुआ अलौकिक ग्वाल बाल श्रृंगार



भीलवाड़ा। नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में गोपाष्टमी पर भगवानसांवरिया सेठ का ग्वाल बाल स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया, इस मौके पर मंदिर को बेहद सुंदर ढंग से सजाया गया,जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्री सांवरिया सेठ मंदिर टस्ट संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सचिव कैलाश डाड ने बताया कि आरती के दौरान मंदिर परिसर में गूंजते जयकारों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गोपाष्टमी के इस पावन पर्व पर भगवान के दर्शन कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला और दिनभर मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।

20 साल से सड़क निर्माण का इंतजार, कचरा संग्रहण व्यवस्था भी नदारद





भीलवाड़ा। शहर के वार्ड नंबर 53 के कोली मोहल्ला, दादाबाड़ी एवं शीतला माता जी मंदिर के पीछे गली नंबर 2 क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों में नाराजगी है। क्षेत्र में पिछले करीब 20 वर्षों से सड़क निर्माण नहीं होने तथा नियमित कचरा संग्रहण व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने की समस्या सामने आई है। स्थानीय क्षेत्र में जगह-जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। सड़क के कटे हुए हिस्सों की मरम्मत नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरा संग्रहण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से घरों का कचरा निस्तारण भी लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। खुली और टूटी नालियों में गंदा पानी बहने, नालियों के किनारे क्षतिग्रस्त होने तथा नियमित सफाई नहीं होने से क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन समस्याओं को लेकर जिला यूथ कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा के रवि कुमार कोली ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जनहित में आवाज उठाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वार्ड 53 में नई सड़कों का निर्माण करवाया जाए, सड़क के कटे हुए हिस्सों को जोड़ा जाए, नियमित कचरा संग्रहण वाहन की व्यवस्था की जाए, टूटी नालियों की मरम्मत हो तथा नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

छठ पूजा सेवा समिति वाटर वर्क्स को श्रेष्ठ घाट का पुरस्कार



यूनेस्को की प्रतियोगिता में 5100 रुपए पुरस्कार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पूर्वांचल वासियों की लोक आस्था का महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 4 दिवसीय छठ पर्व समारोह संपन्न हो गया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा घाट स्वच्छता, साफ सफाई सहित साज-सज्जाओं को लेकर आयोजित प्रतियोगिता में श्रेष्ठ घाट का पुरस्कार छठ पूजा सेवा समिति वाटर वर्क्स को दिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित निर्णायक कमेटी में जवाहर फाउण्डेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, साधना मेंलाना, पार्षद महेन्द्र सिंह, अशोक विश्नोई, थान सिंह, विक्रम साहनी, रविन्द्र भारती, ऋषीराज सहित लीलाकांत चौधरी को शामिल किया गया था। उन्होंने मानसरोवर झील, नेहरू तलाई, न्यू पटेल नगर विस्तार, वाटर वर्क्स सहित कई घाटों का निरीक्षण किया था जिसमें से वाटर वर्क्स का चयन किया गया।

छठ पर्व के समापन समारोह में उप महापौर राधेश्याम सोमाणी व स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली, पार्षद पिंकी विश्नोई, महेन्द्र सिंह, भाजपा नेता सत्येन्द्र बिडला व अशोक विश्नोई ने श्रेष्ठ घाट का पुरस्कार ''छठ पूजा सेवा समिति'' को दिया। समिति के अध्यक्ष दिनेश साहनी व सचिव बबलू सिंह को 5100 के चेक के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना...भजनों ने समा बांधा

सुंदरकांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम



भीलवाड़ा। श्री बड़ा पालीवाल सुंदरकांड पाठ मंडल भीलवाड़ा तत्वाधान में 120वाँ सामूहिक मासिक सुंदरकांड पाठ राकेश पालीवाल के निवास पर हुआ। सामूहिक आरती, पुष्पांजलि एवं प्रसाद वितरण का हुआ। इस दौरान भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। कहते हैं लोग इसे राम का दीवाना छम छम नाच देखो वीर हनुमाना, साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा, मैं तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया डार दी, सांवरियां सेठ दे दे, मंडपिया रा मालिक दे दे, आया कार्तिक का पावन महीना, पूजन करो तुलसा की, आया कार्तिक का पावन महीना, दीप धरो तुलसा सहित अनेक भजनों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर श्री बड़ा पालीवाल समाज प्रगति संस्थान भीलवाड़ा अध्यक्ष गोपाल पालीवाल, कोषाध्यक्ष राकेश पुरोहित, सदस्य राकेश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष एमबी पालीवाल, पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार व्यास, पूर्व पार्षद मनोज पालीवाल, गोपाल पालीवाल ,नरेंद्र पुरोहित,अध्यापक गणपत पुरोहित, अध्यापक यशवंत पालीवाल, अध्यापक अनिल पालीवाल, सुदर्शन पालीवाल, अम्बा लाल, खुश, यश, भास्कर, निखिल, आयुष, देव, अन्य गणमान्य समाज बंधु और मातृ शक्ति ने हाजरी दी।

भाविप के दीपावली स्नेह मिलन में 12 पूर्व महिला प्रमुखों का हुआ सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद, चंद्रशेखर आज़ाद शाखा के तत्वावधान में संजय कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में दीपावली स्नेह मिलन के पावन अवसर पर भव्य विरासत वंदन शक्ति स्वरूपा समागम एवं गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मातृशक्ति के योगदान को नमन करते हुए शाखा की स्थापना से लेकर अब तक की सभी 12 पूर्व महिला प्रमुखों का विशेष मानद उपाधियों से अलंकृत कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर जसवंत कंवर थीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर समन्वयक रजनीकांत आचार्य एवं भूपेंद्र सिंह राणावत उपस्थित रहे। मंच पर शाखा अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, सचिव प्रशांत खटोड़, कोषाध्यक्ष मोहित पगारिया एवं महिला सहभागिता प्रमुख विजयलक्ष्मी समदानी की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर ने आज़ाद शाखा की इस अनूठी पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और संगठन की मजबूती में मातृशक्ति की भूमिका सबसे अहम होती है। पूर्व महिला प्रमुखों का सम्मान करना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक कदम है। अतिथियों द्वारा शाखा की पूर्व महिला प्रमुखों को उनके विशिष्ट योगदान के अनुरूप विशेष टाइटल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इनमें सोनल माहेश्वरी (परिषद चेतना), वंदना लोहिया (संस्कार वाहिनी), वंदना सोनी (वात्सल्य मूर्ति), अमिता लोहिया (सेवा साधिका), नीलिमा बल्दवा (संगठन शिल्पी), स्वाति सोडानी (ऊर्जा संवाहिनी), किरण सेठी (प्रेरणा पुंज), भारती मोदानी (संकल्प प्रदीप्ता), विजया सोमानी (विचार मनीषी), रिंकू सोमानी (सौम्यता शिखा), संगीता



जागेटिया (कर्मठ तपस्विनी) तथा विजयलक्ष्मी समदानी (राष्ट्र आराधिका) शामिल रहीं।

शाखा अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि विरासत वंदन के प्रथम चरण में पूर्व अध्यक्षों के सम्मान के बाद, अब मातृशक्ति का वंदन कर शाखा गौरवान्वित महसूस कर रही है। समारोह के दौरान वर्ष भर निस्वार्थ सेवा देने वाले श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को भी गौरव सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लिए मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका सदस्यों ने सपरिवार आनंद उठाया। अंत में सचिव प्रशांत खटोड़ ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम प्रभारियों (राधेश्याम पोरवाल, विष्णु समदानी, योगेश हेडा, अजय कोठारी) का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन सामूहिक स्नेह भोज के साथ हुआ।

मेडिकल कॉलेज के प्रथम पीजी बैच का परीक्षा परिणाम घोषित, माइक्रोबायोलॉजी में 8 में से 7 विद्यार्थी उत्तीर्ण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित एमडी/एमएस मुख्य परीक्षा 2026 में मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा के वर्ष 2023 के प्रथम स्नातकोत्तर पीजी बैच के कुल 8 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 7 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। ऐसे में माइक्रोबायोलॉजी विभाग का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 4 सीटें थीं और परीक्षा में सम्मिलित सभी 4 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। वहीं पैथोलॉजी विभाग में 4 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3 ने सफलता प्राप्त की है। इस प्रकार कुल 8 में से 7 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम पीजी बैच द्वारा स्नातकोत्तर



शिक्षा पूर्ण करने पर महाविद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि में माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सचदेव, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल अग्रवाल एवं पैथोलॉजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक जैन के विशेष योगदान और मार्गदर्शन की सराहना की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में प्रथम पीजी बैच के साथ शुरू हुई स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा की यह यात्रा निरंतर प्रगति पर है। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2026 में महाविद्यालय में कुल 52 पीजी सीटें उपलब्ध हैं। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. पूजा गंगराड़े तथा शैक्षणिक प्रमुख डॉ. शैशव सोमानी ने सभी सफल विद्यार्थियों, विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पीजी सीटों की संख्या बढ़कर 52 होना भीलवाड़ा के चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे भविष्य में अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक तैयार होंगे और अंचल के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

DR. APURVA'S
COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं

डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा

डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

परमार्थ के लिए सक्षम होना उतना जरूरी नहीं है। जितना उचित समय पर यथायोग्य मदद की पहल करना परमार्थ ही हमारा धर्म है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

दुनिया को भारत से उम्मीद ...

पिछले एक दशक में भारत ने दुनिया में सहयोग व परोपकार की भावना से जो काम किए है उनसे देश के प्रति दुनिया का नजरिया बदल गया है। महामारी से लगाकर युद्धरत देश भारत से अपेक्षा करते है कि शांति के लिए भारत उनका सहयोग करें। रूस जैसे देश को भरोसा है कि भारत के शांति प्रयास छ वर्षों से चल रहे रूस-युक्रेन युद्ध को समाप्त कर सकते है। भारत की नीति पर उन्हें विश्वास है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है जबकि कोरोना महामारी में भारत ने दुनिया को निशुल्क दवाईयां तथा वैक्सीन की मदद करके मानवता का परिचय दिया। यहीं कारण है कि आज भी दुनिया के किसी कोने में आपदा आती है भारत अविलम्ब सहायता पहुंचा कर मानव धर्म निभाता है खाद्य सामग्री, चिकित्सा सुविधा, कपड़े आदि पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी मानी गई है और भारत निस्वार्थ भाव से यह सब कर रहा है। जिसकी बदौलत देश और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा होना स्वाभाविक है। अन्य कोई कहें और संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत कहे इसका गहरा प्रभाव होता है। संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। दुनिया की समझ में आने लगा है कि पिछले दो हजार वर्षों से जिस रास्ते पर चल रही है। वह उसे अच्छी जगह नहीं ले जा रहा है उन्होंने कहा कि दूसरा रास्ता क्यों है। यह दुनिया को पता नहीं है लेकिन वह रास्ता भारत के पास है। इसलिए भारत से अपेक्षाएं भी है समय बड़ा नाजुक है लेकिन हम सब एक साथ खड़े हो गये तो समय की बाजी मार लेंगे।

मरूनिनाद घोष शिविर के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सर संचालक ने कहा कि भारत परोपकार की धरती है यहां सहयोग को सर्वोपरि माना गया है । श्रीलंका में संकट आया तो भारत ने आर्थिक मदद की। नेपाल में भूकम्प आया तो भारत ने सबसे पहले सहायता भेजी और मालदीव में पानी की जरूरत पड़ी तो भारत ने पानी पहुंचाया। इन देशों के दूसरे मि मदद के लिए आगे नहीं आये। ऐसा इएलिए कि क्यों कि हम जानते है यहीं हमारा धर्म है। डॉ. भागवत ने कहा कि समाज आज भी कई तरह के नशे में हे। नशे की परिभाषा केवल शराब और मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने की चाहे प्रसिद्धी का मोह और जाति भाषा व क्षेत्र का अहंकार भी व्यक्ति को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। समाज को इस तरह के नशों से मुक्त रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रसिद्धी का नशा बन सकता है। नशा केवल रासायनिक पदार्थों का नहीं होता चाय कॉफी की आदत भी व्यसन बन सकती है जाति राज्य और भाषा का अहंकार व्यक्त को बांधता है। जो इन सभी तरह के नशों से दूर रहता है उसका जीवन सुखी रहता है। उन्होंने समाज से इन प्रवृतियों को पहचानने और मिलकर उनका समाधान करने का आह्वान किया। आज आवश्यकता इस बात की है कि अहंकार रूपी नशे से बचने बचाने के प्रयास किए जाय ताकि सहयोग व परोपकार की भावना को प्रबल किया जा सके।

कड़वी घूंट -सूरज

मरीजों को कुतरते चूहें ...

चूहों से हर कोई परेशान हो सकता है ये न केवल घरों में रसोई में बल्कि व्यापारिक ठिकानों व गोदामों पर भी धावा बोलते रहते है कोई चाहते हुए भी इन पर नियंत्रण नहीं कर सकता, इसलिए अनाज गोदामों या किराना गोदामों में इनकी करतूतों से होने वाले नुकसान को बर्दाश्त किया जाता है यही मान लिया जाता है कि ये गणेश जी की सवारी है इनको रोक पाना असंभव है।

विपरित इसके अस्पतालों में स्वच्छता व निगरानी के कड़े इंतजाम होने के बावजूद चूहों को नहीं रोका जा सकता। ये तो जमीन खोद कर भी पहुंच जाते है खाने-पीने की चीजें तो खाते ही है। कुछ नहीं मिले तब भी कुरेदने का उपक्रम जारी रखते है। नींद की अवस्था में आम लोगों को भी काअ खाते है। अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों को भी नहीं छोड़ते।

हां पाली के सबसे बड़े बांगड़ अस्पताल का मामला सामने आया जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के बावजूद यहां सर्जिकल वार्ड में राहत के समय सो रहे एक मरीज तथा दूसरे मरीज के परिजन के पैरों को चूहों ने कुतर दिया। एक मरीज के दोनों पैरों की अंगुलियों को काट लिया। एक महिला अपने मरीज पति के बेड़ के पास सो रही थी। इसी दौरान चूहें ने उसके पैर को काट लिया। प्रशासन ने कहा कि परिजन ध्यान रखे। अब यह आप जानो कि सुरक्षाकर्मी हो चाहे परिजन यदि सो गये तो चूहों को कैसे रोक सकते है। बस जागते रहकर जरूर चूहों को भगवाने की जिम्मेदारी निभा सकते है।

15-20 दिनों से लेपर्ड का आतंक, वन विभाग का पिंजरा बेअसर

भीलवाड़ा। जिले के बिजौलिया कस्बे में पिछले पखवाड़े से एक लेपर्ड की खुलेआम आवाजाही ने स्थानीय नागरिकों की नींद उड़ा रखी है। वन्यजीव की बार-बार रिहायशी



बस्तियों में दस्तक से कस्बे में दहशत का माहौल है। हैरानी की बात यह है कि लगातार सूचना देने और अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद वन विभाग अब तक इस खूंखार वन्यजीव को सुरक्षित पकड़ने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। सोमवार देर शाम एक बार फिर लेपर्ड को कांग्रेस कार्यालय के पीछे पत्थरों के स्टॉक के पास घूमते हुए देखा गया। आबादी के बीच बेखौफ मूवमेंट, स्थानीय लोगों की आशंका है कि यह लेपर्ड तीखी मानगढ़ के जंगलों से भटककर सीधे शहरी आबादी क्षेत्र में आ पहुंचा है। इससे पहले भी इसे कांग्रेस कार्यालय और तेजाजी चौक के आसपास देखा जा चुका है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लेपर्ड की आवाजाही अब किसी सुनसान इलाके तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह कस्बे के घनी आबादी वाले हिस्सों तक बेधड़क पहुंच रहा है। लेपर्ड को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा कांग्रेस कार्यालय के पास एक पिंजरा लगाया गया था जिसमें शिकार भी रखा गया था। लेकिन विभाग की यह योजना धरी की धरी रह गई। लेपर्ड पिंजरे में फंसने के बजाय बड़ी चालाकी से उसमें रखा शिकार लेकर फरार हो गया, और वन विभाग देखता रह गया। इस नाकामी के बाद से लोगों में विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है। रिहायशी इलाकों में शिकारी वन्यजीव की निरंतर मौजूदगी बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी है। यदि समय रहते वन विभाग द्वारा कोई ठोस और प्रभावी रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया गया, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। अब बिजौलिया की जनता की निगाहें पूरी तरह वन विभाग पर टिकी हैं कि वे कब अपनी सुस्ती छोड़ेंगे और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लेपर्ड को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ेंगे।

UIB कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक: नियमन /FY25-26/MUT/5041

:- आम सूचना :

एतदद्वारा श्री अमर सिंह काठेड पुत्र विजय लाल काठेड को राजस्व ग्राम मलाण की आराजी 35, 36, 38, 49 मी., 50 मी., 51 मी. गैर योजना में भूखण्ड संख्या 44 साईज 25x50=138.88 वर्गगज का नियमन उपखण्ड अधिकारी (भू.रू.), भीलवाड़ा द्वारा किया गया था।

भूखण्डधारी द्वारा श्री शंकर कुमार मालु पुत्र श्री ताराचन्द मालु को विक्रय कर दिया गया है।

श्री शंकर कुमार मालु पुत्र श्री ताराचन्द मालु के द्वारा नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

सुरक्षा मानकों को धत्ता बता रही पांच बसों पर वसूला 95 हजार का जुर्माना

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शुरू किया 'सड़क सुरक्षा अभियान 2.0'

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अभय जैन के निर्देशन में सोमवार को जिले में दो माह तक चलने वाले 'सड़क सुरक्षा अभियान 2.0' का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्राधिकरण की सचिव श्रीमती रश्मि आर्य ने नेहरू गार्डन प्राइवेट बस स्टैंड से इस विशेष सघन अभियान की शुरुआत की।

16 नवम्बर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक संचालित होने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्री वाहनों में वैधानिक सुरक्षा मानकों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करना और उन्हें सड़क पर चलने योग्य बनाए रखना है। अभियान के तहत परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त प्रवर्तन टीमों ने स्लीपर कोच, लग्जरी, सिटी और मिनी बसों की सघन जांच शुरू कर दी है। इस दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध परमिट, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र, आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा सिटी व मिनी बसों में स्पीड गवर्नर की कार्यप्रणाली की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही, यात्री सुरक्षा को जोखिम में डालने वाले संरचनात्मक दोषों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती रश्मि आर्य ने बस संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बस में शिकायत पेटी लगाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बस संचालन, चालक-परिचालक के व्यवहार या सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर यात्री सीधे हेल्पलाइन नंबर 8306002107 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसी क्रम में लैंडमार्क होटल के पास स्लीपर लग्जरी बसों का निरीक्षण किया गया, जहां अनियमितताएं पाए जाने पर जिला परिवहन विभाग की टीम ने 5 बसों के चालान काटकर 95,000 रुपये का जुर्माना वसूला। कार्रवाई के दौरान डीटीओ विभाग, यातायात थाना, स्थानीय पुलिस व प्राधिकरण के कर्मचारी मौजूद रहे।

औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर पर चस्पा किया नोटिस, 3 दिन में हाजिर नहीं होने पर लाइसेंस होगा निरस्त



भीलवाड़ा। शहर के सुभाषनगर क्षेत्र में सीए की पढ़ाई कर रही 17 वर्षीय छात्रा प्राची मेहता की कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मौत के मामले में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. घटना के बाद हुए भारी हंगामे के बाद अनुज्ञापन अधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रण कार्यालय के अधिकारियों ने त्वरित कदम उठाए हैं। सहायक औषधि नियंत्रक मनीष कुमार मीणा ने बताया कि घटना के बाद आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद कर फरार हो गया था और उसका फोन भी बंद आ रहा था। इस पर विभाग की टीम ने पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचकर लवकुश मेडिकल स्टोर के संचालक रामप्रसाद शर्मा की दुकान और उसके निवास स्थान पर औषधि अधिनियम के तहत नोटिस चस्पा किया है।

नोटिस में संचालक को निर्देश दिए गए हैं कि वह तीन दिन के भीतर उपस्थित होकर दुकान का निरीक्षण करवाए। औषधि नियंत्रण अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तीन दिन की अवधि में संचालक सामने नहीं आता है, तो मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दुकान का ताला खुलवाकर दुकान के अंदर रखे स्टॉक, उपकरणों और इंजेक्शनों की गहन जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां किसी प्रकार की अवैध या नकली दवाओं का कारोबार तो नहीं हो रहा था। गौरतलब है कि सुभाषनगर स्थित लवकुश मेडिकल स्टोर पर बुखार के इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगने से छात्रा की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसकी उदयपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने दुकान के बाहर जमकर हंगामा व पथराव किया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार और पुलिस बल की मौजूदगी में दुकान को सीज कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के इस रुख से शहर में बिना अनुमति या अवैध रूप से मेडिकल और क्लीनिक चलाने वालों में भारी हड़कंप मच गया है।

जीतो समन्वय दिवाली कार्निवल-2026 में खुशियां बांटी



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के तत्वावधान में दिवाली कॉर्निवल जीतो समन्वय-2026 एवं मीट एंड ग्रीट का आयोजन उत्साह से हुआ। जीतो सदस्यों ने खुशियों का आदान प्रदान किया। हरणी महादेव रोड स्थित निजी फार्महाउस पर जीतो भीलवाड़ा चैप्टर, लेडिज विंग एवं यूथ विंग के 800 से अधिक सदस्य शामिल हुए।

दिवाली कार्निवल के तहत दिवाली रैंप वॉक, मैजिक शो, ट्रेजर हंट, नेल ऑर्ट, विभिन्न गेम्स, बोर्ड गेम्स, सेल्फी कॉर्नर, गिफ्ट रेपिंग वर्कशॉप, दीया मैकिंग वर्कशॉप सहित कई आकर्षक इवेंट हुए। विभिन्न ग्रुप गेम्स एवं मनोरंजक कार्यक्रमों ने भी सदस्यों का खूब मनोरंजन किया। प्रतिभागियों के लिए स्टैम्पिंग की व्यवस्था की गई थी। लक्की ड्रॉ निकाला। पार्टी स्पीकर, ओटीजी ओवन, मिक्सर ग्राइंडर सहित कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

एडवाइजरी बोर्ड मेंबर महावीर सिंह चौधरी, तिलोकचंद छाबड़ा, राजेंद्र गोखरू, अजय जैन, सुशील कुमार डांगी, मीठालाल सिंघवी ने उत्साहवर्धन किया। जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चेयरपर्सन डॉ. संपत जैन, चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी, यूथ विंग के चेयरपर्सन प्रतीक बुलिया, चीफ सैकेट्री अभि जैन, लेडिज विंग चेयरपर्सन नेहा नाहर, चीफ सैकेट्री निकिता पाटोदी के नेतृत्व में पूरी टीम ने सहयोग किया। मैनेजिंग कमेटी के निशांत जैन, निश्चल जैन, अर्पित चौधरी, ललित डोसी, सुनील लोढ़ा, राजेंद्र बाबेल, अजय लोढ़ा, अभिषेक खजांची, प्रतीक शाह, महेंद्र सोगानी, प्रवीण ओस्तवाल (जेएटीएफ), अतुल बापना (जीईएपी), गिरीश ओस्तवाल, रितु चौधरी, नीतू ओस्तवाल, नीता बाबेल, प्रतीक कावड़िया भी उपस्थित रहे।

आस्ट्रेलिया में बिजयनगर की बेटी ने जीते दो पुरस्कार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर



दरबार कालोनी निवासी दिपांशी शर्मा ने आस्ट्रेलिया मे आयोजित वूमन ऑफ इम्पैक्ट 2026डेस्टिनी रेस्क्यू तथा मिस आस्ट्रेलिया प्रेजेंटेस इनिशिएटिव अवार्ड प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है।

दरबार कालोनी निवासी नीलम अजय शर्मा की पुत्री दीपांशी शर्मा ने आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में आयोजित ग्रैंड फिनाले में उत्कृष्ट नेतृत्व, सामाजिक सारोकार और मानवीय पहल पर प्राप्त किया है। आस्ट्रेलिया में डेस्टिनी रेस्क्यू आफ वूमन प्रतियोगिता में न्यू साउथ वेल्स राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 25 वर्षीय दीपांशी शर्मा ने खिताब जीता है। लायंस क्लब एक्टिव के अध्यक्ष राधेगोपाल खंडेलवाल ने बालिका की प्रतिभा की सराहना करते हुए परिवार जनों को बधाई दी है।

श्रीगोपाल गौशाला में श्रद्धा से मनाई गोपाष्टमी



गुलाबपुरा। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मंगलवार को श्री गोपाल गौशाला में श्रद्धापूर्वक गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। उपस्थित जनों ने गौ माता को लापसी और हरा चारा खिलाकर गौसेवा का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पालिका चेयरमैन विष्णु देवी सुनील वैष्णव, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह राठौड़, पार्षद पूर्णिमा अविनाश मेवाड़ा, पूर्व चेयरमैन सुमित काल्या , केदार तोषनीवाल , राहुल चोरडिया , राजेंद्र जोशी , गौशाला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह संचेती, मंत्री धर्मचंद कावड़िया, कोषाध्यक्ष शांतिलाल डांगी, बसंतीलाल काल्या, प्रदीप राका, राजेन्द्र चोरड़िया, कन्हैयालाल चौधरी, निहाल चौधरी व नगरवासी उपस्थित रहे।नगर पालिका चेयरमैन विष्णु देवी सुनील वैष्णव ने से गौशाला में 8,000 लीटर क्षमता का पानी का हौद तथा मोटर सहित बोरिंग (ट्यूबवेल) लगवाने की घोषणा की।

लायंस क्लब सदस्यों की धार्मिक यात्रा 501 दीपों से किया दीपदान



बिजयनगर। कार्तिक मास के अवसर पर धार्मिक यात्रा एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब का 21 सदस्यीय दल ने पुष्कर धार्मिक स्थल पर पहुंचकर 501 दीपकों का दीपदान किया। पुष्कर सरोवर पहुंचकर क्लब सदस्यों ने धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात विश्व प्रसिद्ध पुष्कर पशु मेले का भ्रमण किया तथा स्थानीय ब्रह्मा मंदिर, रंगजी मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्य आकर्षण संध्याकाल में पुष्कर सरोवर की महाआरती के दौरान आयोजित भव्य दीपदान रहा। इस अवसर पर क्लब सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर पुष्कर सरोवर में दीपदान किया गया। धार्मिक यात्रा में क्लब अध्यक्ष राजेश कुमार गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट नवीन कुमार सोनी, सचिव महावीर प्रसाद शास्त्री, कोषाध्यक्ष आशुतोष महेश्वरी, नीरज बाल्दी ,अनिल कुमावत, अंजना गट्टानी ,दीपिका सोनी, रेखा शर्मा ,सोनिका माहेश्वरी, वर्षा कुमावत, वीणा बाल्दी सहित बच्चों के साथ 21 सदस्य शामिल रहे।

श्रेया कुमावत के 'प्लास्टिक बैंक' ग्रीन गिफ्ट मिशन' का कलेक्टर ने किया विमोचन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



बाल पर्यावरण कार्यकर्ता श्रेया कुमावत की पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल 'प्लास्टिक बैंकङ्गग्रीन गिफ्ट मिशन' का जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आधिकारिक रूप से पोस्टर विमोचन किया। इस दौरान कलेक्टर ने श्रेया के कार्यों और उनकी सोच की सराहना की। इस अभियान का मुख्य संदेश प्लास्टिक दो पौधा लो, हरित बचपन से स्वच्छ भारत बनाओ! है, जिसके तहत 1 से 15 वर्ष तक के बच्चे अपने घरों का साफ और सूखा दैनिक उपयोगी प्लास्टिक एकत्रित कर श्रेया की पौधशाला में जमा कराएंगे और उसके बदले निःशुल्क पौधा प्राप्त करेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही कचरा पृथक्करण, रीसाइक्लिंग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है, साथ ही उन्हें मोबाइल और स्क्रीन की लत से दूर कर बागवानी व प्रकृति से जोड़ना है। अभियान के तहत बच्चों को निःशुल्क ऑर्गेनिक गार्डनिंग का प्रशिक्षण, जैविक सब्जियाँ उगाने का लाइव डेमो, पौधों की देखभाल और जैविक खाद बनाने की विधि सिखाई जाएगी। इसके साथ ही सरकारी व निजी विद्यालयों में प्लास्टिक बैंक स्थापित कर इस मुहिम को पूरे जिले में विस्तारित करने की योजना है। श्रेया के इस अभियान के तहत बच्चों से मिलने वाले प्लास्टिक, यहाँ तक कि छोटे शैंपू पाउच का भी उपयोग कर उनमें पौधे तैयार करती हैं। विमोचन अवसर पर उन्होंने कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को पुनः उपयोग किए गए प्लास्टिक पात्रों में तैयार औषधीय पौधे भेंट किए। साथ ही विभिन्न कार्यालयों में भी पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। बीज संरक्षण, सीड बॉल निर्माण और पौधारोपण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय श्रेया का संकल्प हर बच्चे के हाथ में पौधा, हर घर में प्लास्टिक प्रबंधन और हर आँगन में हरियाली है, जो बच्चों को प्रकृति से जोड़ने की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

नवनिर्वाचित सरपंच शिवराज आचार्य के भाजपा में शामिल होने की चर्चा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



जिले की फुलियाकलां ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच शिवराज आचार्य के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को जयपुर स्थित शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा के आवास पर श्री आचार्य ने उनके नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जहां विधायक ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

गौरतलब है कि शिवराज आचार्य पूर्व में युवा कांग्रेस में काफी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था, जिसमें वे दूसरे स्थान पर रहे थे, और बाद में उन्हें विधानसभा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। युवा कांग्रेस की पृष्ठभूमि से निकलकर फुलियाकलां ग्राम पंचायत से सरपंच का चुनाव जीतने वाले श्री आचार्य का यह कदम क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। हालांकि, इस राजनीतिक घटनाक्रम के बीच एक अलग पहलू भी सामने आया है। प्राप्त समाचारों के अनुसार, श्री आचार्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की बात को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। हालांकि उनके विधायक से मिलने जाने की पुष्टि जरूर हुई है, लेकिन उन्होंने आधिकारिक रूप से पार्टी में शामिल होने पर अपनी सहमति नहीं जताई है। इस विरोधाभास के चलते स्थानीय राजनीतिक हलकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है और हर कोई उनकी अगली राजनीतिक दिशा पर नजर बनाए हुए है।

शिव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव सजी छप्पन भोग की झांकी



शाहपुरा। कोली समाज के शिव मंदिर में धार्मिक उल्लास और सामाजिक एकजुटता के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव और शिव परिवार के प्रति अपनी अगाध आस्था प्रकट की। महोत्सव के तहत कोली समाज महिला मंडल के तत्वावधान में रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें गायक कलाकार कैलाश कोली और कंपाउंडर कैलाश कोली ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। कोली भोपा नौरत कोली और कोली समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश कोली की अगुवाई में संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अन्नकूट महोत्सव भारतीय संस्कृति में सामूहिक भक्ति, अन्न के प्रति कृतज्ञता और सामाजिक समरसता का अनूठा प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध परंपराओं से जोड़ता है। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक प्रसादी में सैकड़ों समाजजनों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

सीएम शर्मा एक जनवरी को करेंगे स्वदेशी मेले का शुभारंभ

स्वदेशी मेला आयोजन समिति ने जयपुर में जनप्रतिनिधियों को किया आमंत्रित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



नए साल के पहले ही दिन एक जनवरी को दस दिवसीय अखिल भारतीय स्वदेशी मेला आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड पर प्रारंभ होगा। मेला आयोजन समिति ने अध्यक्ष सांसद दामोदर अग्रवाल के नेतृत्व में जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने मेले में आने की सहमति प्रदान कर दी। समिति ने जयपुर में उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार, सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती से मिलकर उन्हें भी आमंत्रित किया। मेला आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि स्वदेशी मेले का शुभारंभ एक जनवरी को दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल होंगे। शुभारंभ समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरू आचार्य रामदयाल महाराज, उदासीन आश्रम भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर हंसाराम जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त होगा। समारोह में 151 विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की प्रस्तुति दी जाएगी।

आयोजन सचिव एवं सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सीए सुनील सोमानी ने बताया कि मेले में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से निर्मित 700 स्वदेशी वस्तुओं की स्टॉल लगेगी। इन स्टॉलों के माध्यम से देश में बनी वस्तुओं से आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक स्वावलम्बन का संदेश दिया जाएगा। जयपुर गए सदस्यों में स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त सह संयोजक एवं मेला समन्वयक डॉ. देवीलाल साहू, स्वावलम्बी भारत अभियान के प्रान्त सह समन्वयक एवं मेला समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेशचंद्र नवहाल, मेला सह संयोजक राजेन्द्र गहलोत आदि पदाधिकारी शामिल थे। आयोजन समिति द्वारा मेले से जुड़ी तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी है ओर दस दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे जा रहे है।

रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग तेज, प्रधानमंत्री और रेलमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



ऐतिहासिक नगर शाहपुरा को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर शाहपुरा जन सेवा समिति की ओर से उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के माध्यम से प्रधानमंत्री और रेलमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जन सेवक शिवराज कोली के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में दिल्ली-जयपुर-टोडारायसिंह-केकड़ी-शाहपुरा-बनेड़ा-गंगापुर-नाथद्वारा-उदयपुर-अहमदाबाद-मुंबई रेल कॉरिडोर की स्वीकृति, सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवाने की प्रमुख मांग रखी गई है। समिति द्वारा प्रस्तुत रूट मैप के अनुसार, इस वैकल्पिक रेल मार्ग के बनने से दिल्ली और मुंबई के बीच की दूरी लगभग 200 किलोमीटर कम हो जाएगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आजादी से पूर्व एक स्वतंत्र रियासत रहे शाहपुरा का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र आज भी रेल सुविधा से वंचित है। समिति ने रियासतकालीन प्रस्तावित रेल लाइन के पुराने मार्ग व अवशेषों की तकनीकी जांच करवाने तथा शाहपुरा को इस कॉरिडोर में प्रमुख रेलवे स्टेशन के रूप में शामिल करने का आग्रह किया है।

इस परियोजना के पूरा होने से ईंधन और समय की बचत के साथ-साथ शाहपुरा, केकड़ी, टोडारायसिंह, बनेड़ा व गंगापुर क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग, कृषि, मार्बल और पर्यटन को नया बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना को आगामी रेल बजट में शामिल करने की मांग करते हुए ज्ञापन की प्रतियां भीलवाड़ा सांसद, राजस्थान के मुख्यमंत्री और उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जयपुर) को भी प्रेषित की गई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय मेहता, अधिवक्ता रामप्रसाद जाट, शरीफ मोहम्मद, दिनेश व्यास, मधुसूदन शर्मा सहित बसन्त वैष्णव, धनराज जीनगर, पंकज पाराशर, नूर मोहम्मद, प्रवीण सिंह गुर्जर, हरीसिंह बंजारा, शफी मोहम्मद और राजू खां कायमखानी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विशेष लोकजीवन मुहिम सरपंच संवाद : ग्राम पंचायत बांकरा

सरपंच का पद सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम - राकेश खटीक

ग्राम पंचायत बांकरा को स्मार्ट गांव बनाना और हर परिवार को रोजगार से जोड़ना लक्ष्य

✍ भगवत सिंह टाक
लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

चुनाव में जनता का विश्वास जीतना एक उपलब्धि है, लेकिन उस विश्वास को विकास में बदलना ही असली परीक्षा है। नवगठित पंचायत समिति खजूरी की ग्राम पंचायत बांकरा के नवनिर्वाचित सरपंच राकेश खटीक इसी सोच के साथ गांव की सरकार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 386 मतों के रिकॉर्ड अंतर से मिली ऐतिहासिक जीत ने उनके प्रति ग्रामीणों के भरोसे को मजबूत किया है। अब उनके सामने गांव को विकास की नई दिशा देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती है।

दैनिक लोकजीवन की विशेष मुहिम 'सरपंच संवाद' में सरपंच राकेश खटीक ने अपने राजनीतिक सफर, चुनावी जीत के आधार, ग्रामीणों के सहयोग और आगामी पांच वर्षों के विकास विजन को साझा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरपंच का पद उनके लिए सत्ता या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है।





2015 में पढ़ाई छोड़कर चुनाव मैदान में उतरे, सेवा को बनाया राजनीति का आधार

राकेश खटीक का राजनीतिक सफर वर्ष 2015 में शुरू हुआ, जब उन्होंने 12वीं कक्षा की पढ़ाई छोड़कर पहली बार सरपंच का चुनाव लड़ा। जनता के आशीर्वाद से उन्हें गांव की सेवा का अवसर मिला। इसके बाद लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हुए उन्होंने जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। राजनीति में आने का उद्देश्य गांव की समस्याओं का समाधान करना और जरूरतमंद परिवारों की मदद करना था। पिछले कार्यकाल में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा। इसी कार्यशैली और जनता के स्नेह ने उन्हें दोबारा चुनाव मैदान में उतरने की प्रेरणा दी।

सामान्य सीट पर रिकॉर्ड जीत, 36 कौम के समर्थन को बताया ताकत

इस बार सामान्य सीट पर चुनाव लड़ने के बावजूद ग्रामीणों ने राकेश खटीक पर भरोसा जताया और उन्हें 386 मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत दिलाई। सरपंच अपनी इस जीत का आधार पिछले कार्यकाल के विकास कार्य, जनता के बीच विश्वास और सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार को मानते हैं।

उन्होंने कहा कि जीत में परिवार, मित्रों, युवाओं, बुजुर्गों और 36 कौम के ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मुताबिक यह जीत किसी एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि गांव की एकता, भाईचारे और जनता के विश्वास की जीत है।

खेल मैदान, बैंक और श्मशान घाट होंगे विकास की प्राथमिकताओं में

ग्राम पंचायत बांकरा के विकास को लेकर सरपंच राकेश खटीक का विजन केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है। वे गांव में आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल मैदान विकसित करना, बैंक की स्थापना के प्रयास करना, आवागमन को मजबूत बनाना और सभी राजस्व गांवों में व्यवस्थित श्मशान घाट बनवाना चाहते हैं।

इसके साथ ही सड़क निर्माण, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को भी प्राथमिकता देने की बात कही है, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

पांच साल का सपना : आदर्श और स्मार्ट ग्राम पंचायत बांकरा

सरपंच का सबसे बड़ा सपना ग्राम पंचायत को आदर्श और स्मार्ट गांव के रूप में विकसित करना है। वे चाहते हैं कि प्रत्येक परिवार को रोजगार के अवसर मिलें, गांव की गलियां कीचड़ और गंदगी से मुक्त हों तथा बच्चों को शिक्षा और खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। मजबूत सड़कें, स्वच्छ वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और व्यवस्थित विकास ग्राम पंचायत की पहचान बने, यही उनका लक्ष्य है। उनका कहना है कि गांव का विकास ऐसा होना चाहिए, जिसे देखकर प्रत्येक ग्रामीण गर्व महसूस करे।

पहले 100 दिनों में रोजगार, सड़क और स्वच्छता पर रहेगा फोकस

पदभार संभालने के बाद शुरुआती 100 दिनों को लेकर भी सरपंच ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की हैं। मनरेगा के तहत अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करवाकर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ स्मार्ट खेल मैदान की दिशा में पहल, पक्की सड़कों का निर्माण और ग्राम पंचायत को गंदगी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर रहेगा। राकेश खटीक का मानना है कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके से काम करवाने और योजनाओं को धरातल पर उतारने से होता है।

जनता के विश्वास को विकास के रूप में लौटाना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी

सरपंच राकेश खटीक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे सभी के सुख-दुख में पहले की तरह साथ खड़े रहेंगे। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को अपनी समस्या समझकर समाधान का प्रयास करेंगे और विकास कार्यों में किसी के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने सामान्य सीट पर रिकॉर्ड जीत दिलाकर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। विकास के इस सफर में ग्रामीणों का सहयोग और मार्गदर्शन आवश्यक है।

भारत विकास परिषद का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



जहाजपुर। भारत विकास परिषद, जहाजपुर की ओर से लंकामुखी हनुमानजी मंदिर परिसर में दीपावली स्नेह मिलन एवं सामूहिक भोज समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का वातावरण आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और संगठनात्मक एकता से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अल्केश पवन वैष्णव उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक समरसता और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक दामोदर शाह एवं घनश्याम नागोरी, अध्यक्ष महावीर सनाढ्य, सचिव घनश्याम जोशी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, कार्यक्रमप्रभारी ओम डाणी,संपर्क प्रमुख प्रमेन्द्र सुवालका, रितेश कांटीया, संजय बम्ब ,दीपक टाक, मुकेश नागोरी, धर्मेंद्र अग्रवाल, रामपाल नागोरी, पंकज मुंदड़ा, हॉकिंस अग्रवाल, विकास राड़ी, श्रीनिवास टेलर, बिशनाराम मीणा, रामलाल मीणा, रमेश मीणा, चंद्रप्रकाश तिवारी एवं सुभाष नागौरी सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

महेश स्पोर्ट्स अकेडमी में दिवाली स्नेह-मिलन-बैडमिंटन स्पर्धा संपन्न



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

महेश स्पोर्ट्स अकेडमी, महेश सेवा समिति के तत्वाधान में हुई 14-15 नवम्बर को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे महेश बैडमिंटन स्पोर्ट्स अकेडमी के सभी खिलाडियों ने भाग लिया।

आयोजन अकेडमी के संचालक और राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी कैलाश अजमेरा ने किया। प्रतियोगिता में नेत्र सर्जन डॉक्टर निखिल यादव, चार्टेड अकाउंटेंट और प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 23 टीमें बनाई गयी जिसमे से 40 वर्ष के अधिक के खिलाड़ियों में नितेश अजमेरा और भपेंद्र खोईवाल विजयी रहे तथा 40 से काम आयु वर्ग में अभिनव विश्नोई और अक्षय अजमेरा की जोड़ी विजयी रही। पुरस्कार वितरण महेश सेवा समिति के सेकेट्री राजेंद्र कचोलिया और ओम प्रकाश मालू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन हीरा गुरनानी द्वारा किया गया। राष्ट्रीय कोच और खिलाडी कैलाश अजमेरा के अनुभव क्अकेडमी से सदस्य आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगियों की तैयारी कर रहे हैं।

स्वास्थ्य लाभ के बाद 25 को रामनिवास धाम पहुंचेंगे आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगदगुरु 1008 स्वामी रामदयाल जी महाराज आगामी 25 नवंबर, बुधवार को अपनी मुख्य पीठ शाहपुरा स्थित रामनिवास धाम पधारेंगे। आचार्य श्री ने अहमदाबाद से दूरभाष पर हुई विशेष बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वे अहमदाबाद से प्रस्थान कर पहले भीलवाड़ा पहुंचेंगे, जहां से 25 नवंबर को प्रातः 7:00 बजे बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं के काफिले के साथ शाहपुरा के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि विगत भीलवाड़ा चातुर्मास के मध्य में ही आचार्य श्री का स्वास्थ्य अचानक नासाज हो गया था। उस दौरान भीलवाड़ा स्थित रामस्नेही चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका प्रारंभिक उपचार चला। चातुर्मास की विधिवत समाप्ति के पश्चात वे अपने स्वास्थ्य की गहन जांच एवं उन्नत चिकित्सा के लिए पहले इंदौर और फिर अहमदाबाद गए थे। अब पूर्ण रूप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के बाद वे पुनः अपने मूल पीठ स्थान पर लौट रहे हैं। आचार्य श्री के आगमन की सूचना मिलते ही समूचे शाहपुरा क्षेत्र और संप्रदाय के अनुयायियों में भारी उत्साह व हर्ष की लहर दौड़ गई है। रामनिवास धाम में उनके भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई हैं।

सोशल मीडिया पर प्यार जताना आसान, पर असल जिंदगी में दिल की बात कहना मुश्किल : अभिनेता प्रणव कुमार

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

शेमारूमी की वेब सीरीज 'दिल पड़ोसी' में इन्फ्लुएंसर और शेफ रोनक का किरदार निभा रहे अभिनेता प्रणव कुमार ने आज की पीढ़ी के रिश्तों पर खुलकर बात की है। उनका मानना है कि आज सोशल मीडिया लोगों के जुड़ने और प्यार दिखाने का मुख्य जरिया बन गया है, जहां कपल्स तस्वीरें साझा कर और रील्स बनाकर अपनी केमिस्ट्री दुनिया के सामने पेश करते हैं। हालांकि, वर्चुअल दुनिया में भावनाओं का प्रदर्शन जितना आसान है, असल जिंदगी में अपने दिल की बात खुलकर कहना और रिश्तों की गहराइयों को समझना उतना ही कठिन होता जा रहा है।

सीरीज में रोनक और दिया का रिश्ता पारंपरिक सोच से हटकर एक आधुनिक और खुले दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसके आने से अन्य किरदार भी प्यार और शादी को लेकर अपनी धारणाओं पर पुनर्विचार करने लगते हैं। प्रणव के अनुसार, रोनक का किरदार सिर्फ एक शेफ या सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके आत्मविश्वास और सहजता के पीछे कई दिलचस्प परतें छिपी हैं, जो इसे एक अलग आयाम देती हैं। अभिनेता का यह भी कहना है कि आज के दौर में रिश्ते केवल दो इंसानों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सोशल मीडिया पर उन्हें देखने वाले लोग और उनकी प्रतिक्रियाएं भी इसका हिस्सा बन जाती हैं। ऑनलाइन दुनिया की यह चमक-दमक कई बार आपसी व्यवहार को प्रभावित करती है। भले ही कोई व्यक्ति डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने रिश्ते की बेहतरीन तस्वीर पेश कर ले, लेकिन जीवनसाथी को वास्तव में समझने और जानने के लिए संवाद की एक अलग ही गहराई की आवश्यकता होती है। 'दिल पड़ोसी' सीरीज प्यार, शादी और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं की विभिन्न परतों को टटोलती है और यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या रिश्तों को निभाने का केवल एक ही तय पैमाना हो सकता है? यह धारावाहिक एक बेहद प्रासंगिक सवाल छोड़ता है कि जब कैमरे बंद हो जाते हैं, तब क्या हम अपने पार्टनर को उतना ही समझते हैं जितना दिखाने का दावा करते हैं? यह सीरीज वर्तमान में शेमारू प्रीमियर के तहत विशेष रूप से शेमारूमी पर स्ट्रीम हो रही है।

रोजगार सूचनाएं JOBS

- **सीएसआईआर राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल), नई दिल्ली में मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के 25 पदों की भर्ती हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित है।** आयु 18 से 25 वर्ष है। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी डाक के माध्यम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2026 है।
- **सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सब इंस्पेक्टर (जीडी) के 1,167 पदों पर विभागीय भर्ती निकाली गई है।** इसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी एवं आईटीबीपी के पद शामिल हैं। आवेदन के लिए स्नातक डिग्री आवश्यक है। संबंधित बलों में कार्यरत कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल एवं एएसआई को निर्धारित 4 वर्ष की नियमित सेवा तथा अन्य शर्तें पूरी करनी होंगी। अधिकतम आयु सीमा 32 वर्ष है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 है।
- **कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों में तकनीकी सहायक के 1,254 तथा वरिष्ठ तकनीकी सहायक के 139 सहित कुल 1,393 पदों पर भर्ती।** तकनीकी सहायक पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक तथा वरिष्ठ तकनीकी सहायक के लिए निर्धारित इंजीनियरिंग डिप्लोमा की योग्यता आवश्यक है। आयु सीमा 21 से 30 वर्ष निर्धारित है। चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक कंप्यूटर आधारित परीक्षा तथा 300 अंकों की मुख्य परीक्षा शामिल है। इसमें साक्षात्कार नहीं होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 दिसंबर है।
- **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के मार्केटिंग डिवीजन, पूर्वी क्षेत्र में ट्रेड, टेक्नीशियन एवं ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 409 पदों पर भर्ती।** इसके लिए 10वीं, आईटीआई, 12वीं, संबंधित विषय में 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा अथवा स्नातक की योग्यता पद के अनुसार निर्धारित है। आयु 18 से 24 वर्ष है। प्रशिक्षण अवधि 12 माह रहेगी। चयन संबंधित शैक्षणिक परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर होगा। इसमें लिखित परीक्षा या साक्षात्कार नहीं होगा। अंतिम तिथि 12 दिसंबर है।
- **भारतीय वायुसेना ने एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एएफसीएटी) 01ध्2027 के तहत ग्रुप 'ए' राजपत्रित अधिकारी के पदों पर भर्ती। इ**समें फ्लाइंग, ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल एवं नॉन-टेक्निकल) शाखाओं में एएफसीएटी और गेट स्कोर एंट्री के माध्यम से 284 पद रिक्त है। एनसीसी स्पेशल एंट्री के लिए भी फ्लाइंग शाखा में सीटें निर्धारित हैं। योग्यता शाखा के अनुसार स्नातक, इंजीनियरिंग डिग्री या स्नातकोत्तर रखी गई है। फ्लाइंग शाखा के लिए आयु 20 से 24 वर्ष तथा ग्राउंड ड्यूटी के लिए 20 से 26 वर्ष है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है। ऑनलाइन परीक्षा 31 जनवरी को होगी।
- **इंडियन बैंक में अप्रेंटिस के 1,500 पदों पर भर्ती हेतु किसी भी विषय में स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।** इसके लिए स्नातक की परीक्षा 1 अप्रैल 2022 से 1 नवंबर 2026 के बीच उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु सीमा 20 से 28 वर्ष निर्धारित है। चयन ऑनलाइन परीक्षा, स्थानीय भाषा दक्षता परीक्षण एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह की रहेगी, जिसमें 12,300 से 15,000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। पहले अप्रेंटिसशिप कर चुके अथवा स्नातकके बाद एक वर्ष या अधिक कार्यानुभव वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।
- **एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 145 कार्यकारी पदों पर भर्ती।** इसमें डिप्टी जनरल मैनेजर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, एडिशनल चीफ मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर के पद शामिल हैं। इंजीनियरिंग, एमएससी, विधि, मानव संसाधन सहित संबंधित विषयों में निर्धारित योग्यता और कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती अनुभवी पेशेवरों के लिए है। ऑनलाइन आवेद 19 दिसंबर तक किए जा सकेंगे।
- **बैंक ऑफ बड़ौदा के वेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज विभाग में 837 पदों पर अनुभवी अभ्यर्थियों की भर्ती।** इनमें सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, टेरिटरी हेड, ग्रुप हेड, इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट मैनेजर एवं हेड इन्वेस्टमेंट के पद शामिल हैं। स्नातक डिग्री के साथ पदानुसार 3 से 12 वर्ष का संबंधित कार्यानुभव एवं निर्धारित व्यावसायिक प्रमाणपत्र आवश्यक हैं। आयु सीमा पद के अनुसार 24 से 50 वर्ष निर्धारित है। भर्ती संविदा आधार पर 5 वर्ष के लिए है। यह फ्रेशर भर्ती नहीं है। ऑनलाइन की अंतिमतिथि 24 नवंबर है।
- **उत्तर रेलवे के रेलवे भर्ती सेल द्वारा अप्रेंटिस के 4,651 पदों की भर्ती।** ये पद लखनऊ, दिल्ली, फिरोजपुर, मुरादाबाद, अंबाला एवं जम्मू क्लस्टर में हैं। अभ्यर्थी 10वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई (एनसीवीटी एससीवीटी) उत्तीर्ण होना चाहिए। आयु सीमा 15 से 24 वर्ष है। चयन 10वीं एवं आईटीआई में प्राप्त अंकों के औसत के आधार पर मेरिट से होगा। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है।
- **दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के 108 पदों पर भर्ती।** इनमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल सहित कुल 5 विषयों के पद शामिल हैं। अभ्यर्थी के पास संबंधित विषय में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री होनी चाहिए। सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए न्यूनतम 65 प्रतिशत तथा एससी, एसटी एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 60 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। संबंधित विषय में वैध गेट-2025 स्कोर होना आवश्यक है। अधिकतम आयु सीमा 29 वर्ष है। चयन गेट-2025 के अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 6 दिसंबर है।
- **एनएलसी इंडिया लिमिटेड में ग्रेजुएट एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (जीईटी) के 143 पदों पर भर्ती।** इनमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल एवं माइनिंग विषय शामिल हैं। संबंधित विषय में इंजीनियरिंग स्नातक डिग्रीधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए गेट-2025 में संबंधित विषय का वैध स्कोर होना आवश्यक है। सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी-एनसीएल वर्ग के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा एससी-एसटी वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अधिकतम आयु सीमा वर्ग के अनुसार 30, 33 एवं 35 वर्ष है। चयन गेट-2025 के अंकों एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 दिसंबर तथा अंतिम सबमिशन की तिथि 16 दिसंबर है।
- **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), पाइपलाइंस डिवीजन में लगभग 500 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती।** इसमें टेक्नीशियन अप्रेंटिस (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टेलीकम्युनिकेशन एवं इंस्ट्रूमेंटेशन), ट्रेड अप्रेंटिस (असिस्टेंट-ह्यूमन रिसोर्स, अकाउंटेंट), डाटा एंट्री ऑपरेटर (फ्रेशर) तथा डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद शामिल हैं। संबंधित ट्रेड के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता चाहिए। आयु 18 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 12 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा नियमानुसार स्टाइपेंड मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर है।
- **रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने आइसोलेटेड कैटेगरी के 191 पदों पर भर्ती का।** इसमें चीफ लॉ असिस्टेंट, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर, जूनियर ट्रांसलेटर, स्टाफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर, साइंटिफिक असिस्टेंट और लैब असिस्टेंट के पद शामिल हैं। पद के अनुसार 12वीं विज्ञान, संबंधित विषय में डिग्री, स्नातकोत्तर या व्यावसायिक योग्यता निर्धारित है। आयु सीमा पदानुसार 18 से 30 वर्ष तथा 18 से 40 वर्ष तक है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, जहां लागू हो, अनुवाद परीक्षा, एवं मेडिकल परीक्षण के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है।
- **राइट्स लिमिटेड में ग्रेजुएट, डिप्लोमा एवं आईटीआई अप्रेंटिस के 281 पदों पर भर्ती निकाली गई है।** इनमें ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 168, डिप्लोमा अप्रेंटिस के 62 तथा आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस के 51 पद शामिल हैं। संबंधित विषय में इंजीनियरिंग स्नातक, डिप्लोमा अथवा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 1 वर्ष रहेगी तथा नियमानुसार 10,560 से 15,650 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। आवेदन के लिए एनएटीएस एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण के साथ राइट्स के पोर्टल पर भी आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।
- **दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) में 5 श्रेणियों के अंतर्गत 258 पदों पर भर्ती।** इनमें गुड्स ट्रेन मैनेजर, जूनियर इंजीनियर (ब्रिज), जूनियर इंजीनियर (पी-वे), जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल वर्कशॉप) सहित अन्य पद शामिल हैं। संबंधित पद के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा होना चहिये। आयु सीमा 18 से 42 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है।
- **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में आर्टिजन ग्रेड-4 के 660 पदों पर भर्ती।** इसमें फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और फाउंड्रीमैन ट्रेड शामिल हैं। अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण होने के साथ संबंधित ट्रेड में एनटीसी या आईटीआई तथा एनएसी प्रमाणपत्रधारक होना चाहिए। सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के लिए दोनों प्रमाणपत्रों में न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा एससी एसटी वर्ग के लिए 55 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अधिकतम आयु 27 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और क्वालिफाइंग स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर तथा संभावित परीक्षा तिथि 11 दिसंबर है।
- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी शार), श्रीहरिकोटा में अप्रेंटिस के 400 पदों पर भर्ती जिसमें इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, नॉन-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, टेक्नीशियन अप्रेंटिस, डिप्लोमा, ट्रेड एवं वोकेशनल अप्रेंटिस के पद शामिल हैं।** संबंधित विषय में बीई, बीटेक, बीएससी, बीकॉम, बीए, डिप्लोमा, आईटीआई या वोकेशनल सर्टिफिकेटधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन शैक्षणिक अंकों के आधार पर मेरिट से होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह है तथा नियमानुसार 9,600 से 12,300 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड देय है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 26 नवंबर है।
- **परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी (एईईएस) में ने शिक्षण एवं अन्य पदों पर 254 पदों की भर्ती।** इनमें प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी), ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी), प्राइमरी टीचर (पीआरटी), लाइब्रेरियन, पीआरटी म्यूजिक एवं बालवाटिका टीचर के पद शामिल हैं। पदों के अनुसार 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीएड एवं सीटीईटी सहित निर्धारित योग्यता आवश्यक है। आयु सीमा पद के अनुसार अधिकतम 30 से 50 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से पद के अनुसार होगा। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 22 नवंबर है।
- **राजकोट नगर निगम में अप्रेंटिस के 825 पदों पर भर्ती। संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।** चयन शैक्षणिक मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस अधिनियम एवं मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत निर्धारित दर से मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। ऑनलाइन आवेदन के बाद भरे हुए आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित दस्तावेजों की प्रति राजकोट नगर निगम कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कराने की अंतिम तिथि 23 नवंबर है।
- **भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने सीईएन 08/2026 के तहत स्नातक पास आवेदकों हेतु स्टेशन मास्टर के 1,215 पदों पर भर्ती।** आयु सीमा 1 जनवरी 2027 को 20 से 33 वर्ष निर्धारित है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा सहित निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार होगा। परीक्षा में 100 प्रश्न, 100 अंक और 120 मिनट का समय होगा। इसमें बेसिक साइंस, गणितीय एवं विश्लेषणात्मक क्षमता से 60, तार्किक क्षमता से 20 और मानसिक तर्कशक्ति से 20 प्रश्न होंगे। गलत उत्तर पर एक-तिहाई अंक की कटौती होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।
- **दक्षिण पूर्व रेलवे ने वर्ष 2026-27 के लिए खेल कोटे के अंतर्गत ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' के कुल 54 पदों पर भर्ती।** इनमें ग्रुप 'सी' के लेवल 4 एवं 5 में 5 पद, लेवल 2 एवं 3 में 16 पद तथा ग्रुप 'डी' के लेवल 1 में 33 पद शामिल हैं। आवेदन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ संबंधित खेल में मान्य उपलब्धियां होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। खेल उपलब्धियां 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद की होनी चाहिए। चयन खेल परीक्षण, प्रमाणपत्र सत्यापन एवं खेलवार मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है।
- **राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में सहायक उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 111 पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती निकली है।** सहायक उपनिरीक्षक के लिए स्नातक, हेड कांस्टेबल के लिए 12वीं पास तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए आईटी में 'ओ' या 'ए' लेवल प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित अनुभव आवश्यक है। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। पद के अनुसार वेतनमान पे-लेवल 4 और पे-लेवल 5 निर्धारित है। आवेदन ऑफलाइन करना होगा तथा निर्धारित आवेदन पत्र डाक से भेजना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है।
- **भारत सरकार के सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), मोहाली में 83 पदों पर भर्ती।** इसमें प्रशासनिक अधिकारी, लेखा अधिकारी, खरीद एवं भंडार अधिकारी, जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, टेक्निकल असिस्टेंट और टेक्नीशियन-बी के पद शामिल हैं। कुल पदों में प्रशासनिक श्रेणी के 12, टेक्निकल असिस्टेंट के 30 और टेक्नीशियन-बी के 41 पद हैं। शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा पद के अनुसार निर्धारित हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। नियुक्ति एससीएल, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब में होगी एवं आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थान पर भी तैनाती की जा सकती है।
- **ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया) में इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के कुल 52 पद की भर्ती।** चयन गेट 2027 के स्कोर के आधार पर होगा। प्रमुख केंद्